# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, लैन्सडौन वन प्रभाग, कोटद्वार।

Tel/Fax No. 01382-228467
E.mail.dfo_lansdowne@yahoo.com

पत्रांकः- 1883 / 12-1, दिनांक, कोटद्वार, 04 / 12 / 2023

सेवा में

अधिशासी अभियन्ता,
राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड,
लो0नि0वि0 धुमाकोट।

विषयः- **जनपद पौडी गढ्वाल के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एन0 एच0 119/534 कि0मी0 139.00 से 196.00 कोटद्वार सतपुली के (सेक्शन देवलखाल से सतपुली के कि0मी0 166.00 से 196.00) तक दो लेन सडक चौडीकरण हेतु 23.467 हे0 वन भूमि का राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन के संम्बन्ध में। ऑनलाईन प्रस्ताव सं0:- FP/UK/ROAD/45326/2020**

संदर्भः- **भारत सरकार की पत्र संख्या-8बी0/यू0सी0पी0/06/64/2022/एफ0सी0/1104 दिनांक 23.11.2023.**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के कम में अवगत कराना है, कि जनपद पौडी गढ्वाल के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एन0 एच0 119/534 कि0मी0 139.00 से 196.00 कोटद्वार सतपुली तक दो लेन सडक चौडीकरण हेतु 23.467 हे0 वन भूमि का राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन किये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा अपने पत्र संख्या-8बी0/यू0सी0पी0/06/64/2022/एफ0सी0/1104 दिनांक 23.11.2023 से सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई है, प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति में अध्यारोपित निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन किया जाना हैः-

(1). **शर्त संख्या 03** के अनुसार प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित क्षेत्र (48.00) हे0 अवनत वन भूमि में प्रतिपूरक वनीकरण वृक्षारोपण हेतु **वित्तीय वर्ष 2023-24** के अनुसार निर्धारित दर रूपये **448791.00 रूपये प्रति हे0 की दर से 2,15,41,968.00** की धनराशि जमा की जानी है।

(2). **शर्त संख्या 05** के अनुसार प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा 23.467 हे0 वन क्षेत्र के प्रत्यावर्तन के लिये एन0पी0वी0 भारत सरकार की पत्र संख्या 5.3/2011-एफ0सी0 दिनांक 06.01.2022 के अनुसार **(1005210.00/हे0) 1005210X23.467=2,35,89,263.00** रूपये की धनराशि जमा की जानी है।

(3). यदि शुद्व वर्तमान मूल्य की दर में बढोतरी होती है तो बढी हुई दर के अनुसार अतिरिक्त धनराशि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा जमा की जायेगी। इस आशय का वचनबद्वता से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र प्रेषित किया जाना है।

(4). उक्त समस्त धनराशि कैम्पा मद अन्तर्गत प्रतिपूर्ति पौधारोपण निधि प्रबन्धन तथा योजना का प्रधिकरण के तदर्थ निकाय के लेखा संख्या-एस0बी0 25229 कॉरपोरशन बैंक (भारत सरकार का उपकम) के ब्लॉक-11 भूतल सी0जी0 कॉम्पलैक्स फेज-1 लोदी रोड नई दिल्ली-110003 में जमा करने के उपरान्त पावती की कलर प्रमाणित छायाप्रति, जमा की गई धनराशि का बैंक डॉफ्ट/चैक की प्रमाणित छायाप्रति का विवरण देना होगा।

अतः उक्त के अतिरिक्त सैद्धान्तिक स्वीकृति में अध्यारोपित शर्तो से सम्बन्धित शर्तो से सम्बन्धित अनुपालन आख्या भी कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। यह भी अवगत कराना है कि सैद्धान्तिक स्वीकृति में अध्यारोपित शर्तो के पूर्ण अनुपालन से पूर्व कोई भी निर्माण कार्य आरम्भ न किया जायें।

भवदीय,

**(नवीन चन्द्र पन्त)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
लैन्सडौन वन प्रभाग, कोटद्वार।

पत्रांक- 1883 / 12-1 दिनांकित।

**प्रतिलिपि-** अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, देहरादून को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

o/c

**(नवीन चन्द्र पन्त)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
लैन्सडौन वन प्रभाग, कोटद्वार।